डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

01

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | सावन शुक्ल पक्षा 12- 2083 | भोपाल,दिन सोमवार, दिनांक 24 अगस्त ,2026

न्यूज गैलरी

कल्पना नगर 900 मकानों की लीज–नामांतरण अटके

भोपाल। कल्पना नगर, गिपालपी के 900 मकानों की लीज और नामांतरण लीज रेट विवाद में अटके हैं। राज्य सहकारी आवास संघ ने 2.81 करोड़ जमा किए, जिसके बाद राजस्व विभाग ने 2.32 करोड़ की अतिरिक्त मांग की। सहायी संघर्ष समिति के मुताबिक 2014 से लीज नवीनीकरण और नामांतरण बंद हैं। कलेक्टर को रहवासियों ने बैठक की। समिति पहले अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मिलेगी, समाधान नहीं निकला तो धरना–प्रदर्शन करेगी। संघ के एमडी आरएस विश्वकर्मा ने बताया राजस्व विभाग से पत्राचार जारी है।

भोपाल सहित अन्य शहरों करे सरकार कैब्ला आर और जोनल प्लान

भोपाल। आवासीय क्षेत्रों में कार्रवाई के बीच रहवासी ऑफ भोपाल ने सरकार से भोपाल सहित प्रदेश के अन्य शहरों के नगर और जोनल प्लान जल्द जारी करने की मांग की है। संस्था के अध्यक्ष विकास वोलिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल के माध्यम से पत्र भेजा है। इसमें आवारीय – गवनों में दशकों से रहने वाली आवासीय 4 पंचायत सेवाओं, कुटीर और गृह उद्योगों की स्पष्ट रूपी और मापदंड तय करने की मांग की गई है। संस्था ने सुप्रीम कोर्ट के 5 आदेश का हवाला कर समिति के पदों के गुलाम से नई नीति बनाने व मौजूदा गतिविधियों की समीक्षा करने और रहवासी, व्यापारी व सिटी प्लानर्स की समिति बनाने का सुझाव दिया है।

अमोदय छात्रावास की अव्यवस्थाओं पर अभिभावकों की हेल्पलाइन में शिकायत

भोपाल। अमोदय आवासीय विद्यालय के छात्रावास की अव्यवस्थाओं को लेकर अभिभावकों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की है। उनका आरोप है कि बच्चों के सामान की चोरी, विवाद–मारपीट, पेयजल की कमी और अनुचित निगरानी की समस्याएं बनी हुई हैं। अभिभावकों ने 24 घंटे निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, अतिरिक्त कक्षाएं शुरू कराने और सीसीटीवी व स्टाफ की कार्यप्रणाली की जांच की मांग की है।

पुलिस ने अपहृत 14 वर्षीय बालिका 10 घंटे में ढूंढी

भोपाल। निशातपुरा थाना पुलिस ने 14 वर्षीय अपहृत बालिका को घटना के 10 घंटे के भीतर उज्जैन से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया।

कार्रवाई | देवास पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का किया भंडाफोड़

17 राज्यों में 127 दिनों तक चला ऑपरेशन, 12 साइबर ठग धरे गए

पुलिस ने बैंकिंग चौनल की विभिन्न कड़ियों को ट्रेस करते हुए नेटवर्क से जुड़े खातों और आरोपियों तक पहुंच बनाई

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप प्रदेश में साइबर अपराधों पर लगाम कार्रवाई के लिए शुरू की गई ई–जीरो एफआईआर व्यवस्था का बड़ा असर देखने को मिला है। डीआईजी कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन और एसीपी ए. राई मनोहर के नेतृत्व में देवास पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह की 12 शातिर ठगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 84 लाख 84 हजार 725 रुपए बरामद कर लिए हैं।

जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र के नागरिक से डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 63 लाख 62 हजार रुपए की साइबर ठगी की शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर मिली हुई थी। प्रकरण में थाना कोतवाली देवास में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारम्भ की गई। विवेचना टीम ने बैंकिंग ट्रांजेक्शन चैक किए। प्रकरण में धोखाधड़ी की राशि जिन खातों में ट्रांसफर हुई थी, उन खातों के संबंधित बैंकों से जानकारी प्राप्त की गई। इसके बाद जांच के दौरान विभिन्न बैंक खातों में राशि जमा कराकर उसे अलग–अलग खातों में स्थानांतरित कराया गया। पुलिस ने बैंकिंग चौनल की विभिन्न कड़ियों को ट्रेस करते हुए नेटवर्क से जुड़े खातों और आरोपियों तक पहुंच बनाई तथा कार्रवाई के दौरान लगभग 84 लाख 84 हजार रुपए की राशि जब्त की गई। इसके अतिरिक्त आरोपियों से बैंकिंग एवं डिजिटल लेन–देन से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री भी जब्त की गई है। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद तत्काल दर्ज कर त्वरित जांच शुरू की गई।

लगभग 54 लाख से अधिक की ठगी राशि बरामद

टीमों ने 58 हजार किमी का किया सफर

पुलिस टीमों ने लगभग 127 दिनों तक अभियान चलाकर 58 हजार 315 किलोमीटर की यात्रा तय की। स्थानीय पुलिस के सहयोग से संदेहास्पद खातों और ठिकानों की जांच के बाद 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में सुनिश्चित हुआ कि ठगी खुद को दूरसंचार विभाग, मुंबई लाइन बॉस और सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों को ठगते थे।

डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई कार्यवाही प्रक्रिया नहीं

पुलिस ने नागरिकों को आगाह किया है कि डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती। यदि कोई खुद को पीडीओआई, पुलिस या किसी अधिकारी बताकर गिरफ्तारी का धमकी कॉलिंग कर कर मिलकर और पैसे मांगे, तो घबराएं नहीं। तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

बैंकिंग एवं डिजिटल लेन–देन से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री भी जब्त

देवास के थाना कोतवाली क्षेत्र में साइबर ठगी मामले की जांच में सामने आया कि साइबर ठगों द्वारा स्वयं को दूरसंचार विभाग, मुंबई लाइन बॉस एवं सीबीआई अधिकारी बताकर पीड़ित को लोन एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ठगी की साजिश रची गई। इसके बाद जांच के नाम पर विभिन्न बैंक खातों में राशि जमा कराकर उसे अलग–अलग खातों में स्थानांतरित कराया गया। पुलिस ने बैंकिंग चौनल की विभिन्न कड़ियों को ट्रेस करते हुए नेटवर्क से जुड़े खातों और आरोपियों तक पहुंच बनाई तथा कार्रवाई के दौरान लगभग 84 लाख 84 हजार रुपए की राशि जब्त की गई। इसके अतिरिक्त आरोपियों से बैंकिंग एवं डिजिटल लेन–देन से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री भी जब्त की गई है। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद तत्काल दर्ज कर त्वरित जांच शुरू की गई।

सीएम श्री डॉ यादव ने अतिवृष्टि और राहत–बचाव कार्यों की समीक्षा

बाढ़ प्रभावितों तक तुरंत राहत पहुंचाएं, गांवों में लगें विशेष कैंप

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को दिल्ली से सीधे रीवा पहुंचकर रीवा–सतना संभाग में अतिवृष्टि और राहत–बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों में पर्याप्त खाद्य सामग्री, पेयजल और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहें। प्रभावित गांवों और मजरों–टोलों में विशेष चिकित्सा शिविर लगाने को कहा।

आरबीसी 64 के तहत तत्काल सहायता

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों के मकान, खाद्य सामग्री या अन्य सामान बाढ़ में नष्ट हुए हैं, उन्हें आरबीसी 64 के तहत तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। जहां पानी उतर गया है, वहां शासकीय अमले को भेजकर प्रभावित परिवारों तक खाद्य सामग्री पहुंचाई जाए और फसल क्षति का तत्काल सर्वे कराया जाए। जरूरत पड़ने पर किसानों को बीज उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

सफाई और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने जल स्रोतों और रैंडमपों का क्लोरीनेशन कराने, प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाने और बिजली आपूर्ति जल्द बहाल करने को कहा। बुखार और डायरिया–कुकरान से मरीजों को सतर्कता से लेते हुए स्वास्थ्य टीमों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। पशुओं के इलाज के लिए चिकित्सा दल भेजने और मृत पशुओं का वैज्ञानिक तरीके से निपटान करने को कहा। गौशालाओं में पर्याप्त चारे की व्यवस्था के निर्देश भी दिए।

27 अगस्त तक निगरानी के निर्देश

राजस्व, पंचायत, चिकित्सा, पशु चिकित्सा और कृषि विभाग के अधिकारियों–कर्मचारियों को फील्ड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। 24 से 27 अगस्त के बीच लगातार बारिश को देखते हुए लगातार निगरानी रखने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने रीवा के सुजाव नगर में जलभराव का निरीक्षण कर प्रभावितों को सहायता देने के निर्देश दिए।

4 दिन से निर्जल अनशन पर बैठे अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

गणसेवक में वर्ग–2 गणमिक और वर्ग–3 प्रशासनिक लिपिक भर्ती–2025 में पदवृद्धि की मांग को लेकर भोपाल के नीलम पार्क में पल रहा अनिश्चितकालीन धरना जारी है। आंदोलनकारियों के अनुसार व्यापम निवासी नरेंद्र तालपुरा पिछले चार दिनों से निर्जल अनशन पर हैं। सोमवार रात करीब 3 बजे उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें चक्कर और कमजोरी की शिकायत होने पर धरना स्थल पर मौजूद अभ्यर्थियों ने प्रशासन को सूचना दी। आंदोलनकारियों का कहना है कि पुलिस प्रशासन ने नरेंद्र को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने अस्पताल जाने से इंकार कर दिया। नरेंद्र ने कहा कि जब तक सरकार गणसूचि को लेकर कोई ठोस आदेश जारी नहीं करती, वे अनिश्चित समाप्त नहीं करेंगे। उन्होंने धरना स्थल पर ही ब्लड़ की टीम बुलाकर स्वास्थ्य जांच कराने की मांग की है। साथी अभ्यर्थियों ने प्रशासन से तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने और उनकी मांग पर सरकार से सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

महाकाल मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं से मारपीट का आरोप, वीडियो वायरल

शिवम रेस्टोरेंट में विवाद के बाद हाथापाई, महिलाओं से भी धक्का–मुक्की का दावा

डीआर संवाददाता।। भोपाल

महाकालेश्वर मंदिर के गेट नंबर–1 के बाहर स्थित शिवम रेस्टोरेंट में शनिवार रात श्रद्धालुओं और कर्मचारियों के बीच विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के बाद रेस्टोरेंट में भोजन करने पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर तकरार शुरू हुई, जो बाद में हाथापाई में बदल गई। वायरल वीडियो में कुछ लोगों के बीच धक्का–मुक्की और नारेबाजी होती दिखाई दे रही है। आरोप है कि विवाद के दौरान रेस्टोरेंट कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की और महिलाओं से भी धक्का–मुक्की की। वहीं श्रद्धालुओं का दावा है कि उन्हें बिना वजह निशाना बनाया गया। हालांकि वीडियो से घटना की पूरी परिस्थितियां स्पष्ट नहीं होती हैं और मीडिया की वास्तविक पहल की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

फिलहाल पुलिस की जांच और संभावित कार्रवाई पर नजर है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्थानीय प्रतिष्ठानों के व्यवहार को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो में घटना की पूरी परिस्थितियां स्पष्ट नहीं होती हैं और मीडिया की वास्तविक पहल की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

फिलहाल पुलिस की जांच और संभावित कार्रवाई पर नजर है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्थानीय प्रतिष्ठानों के व्यवहार को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो में घटना की पूरी परिस्थितियां स्पष्ट नहीं होती हैं और मीडिया की वास्तविक पहल की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

दोनों पक्षों को सुनकर सात दिन में निर्णय लेने के निर्देश

न्यू मार्केट दुर्गा पूजा आयोजन विवादः दोनों पक्षों को सुनकर 7 दिन में फैसला करने के निर्देश

डीआर संवाददाता।। भोपाल

न्यू मार्केट के रोशनपुरा चौराहे पर दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर चल रहे विवाद में नया हाईकोर्ट ने असिस्टेंट रजिस्ट्रार, कर्मचा एंड सोसाइटीज, भोपाल को दोनों पक्षों को सुनकर सात दिन में निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। नकिल मनिर एस. वसी की एकल पीठ ने 21 अगस्त को सामते के सुन–चोध पर कोई टिप्पणी किए बिना याचिका का निराकरण किया।

24 अगस्त को दोनों पक्ष होंगे उपस्थित

कोर्ट के निर्देश के अनुसार दोनों पक्षों को 24 अगस्त को असिस्टेंट रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना है। इसके बाद अधिकारी उपलब्ध दस्तावेजों और दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करते हुए कानून के अनुसार स्पष्ट और तर्कसंगत आदेश जारी करेंगे।

दस्तावेज अपलोड करने का दावा

याचिकाकर्ता व्यापारी दुर्गा उत्सव समिति की ओर से बताया गया कि पूर्व आदेश के पालन में सभी आवश्यक दस्तावेज और कागजी नोट्स ईआरसी लॉजिस्टिक पर अपलोड कर दिए गए हैं। वहीं न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं।

भूमिपूजन के बाद सामने आया विवाद

व्यापारी दुर्गा उत्सव समिति ने रोशनपुरा चौराहे पर दुर्गा उत्सव का आयोजन करती आ रही है। साल में न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति की ओर से इसी उत्सव स्थल पर भूमिपूजन किए जाने के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद खाने आया। इसके बाद मामला हाई कोर्ट तक पहुंचा।

दोनों समितियों ने रखे अपने दावे

न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति के अध्यक्ष सतीश गंगराड़े ने हाई कोर्ट के आदेश को समिति की वैधानिक जीत बताया। उनका कहना है कि कोर्ट ने याचिकाकर्ता को दुर्गा पूजा की अनुमति नहीं दी है। दूसरी ओर व्यापारी दुर्गा उत्सव समिति के सचिव अजय अग्रवाल ने कहा कि समिति के दस्तावेज असिस्टेंट रजिस्ट्रार कार्यालय में जमा हैं और उनकी व्यापारी भी मौजूद है। समिति सोमवार को अपना पक्ष रखेगी।

अब दोनों पक्षों की सुनवाई और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद असिस्टेंट रजिस्ट्रार के निर्णय पर आयोजन को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

भोपाल में देर रात तेज बारिश, आज भी रिमझिम के आसार

डीआर संवाददाता।। भोपाल

राजधानी में रविवार रात 10 बजे के बाद तेज बारिश का दौर शुरू हुआ। रात करीब 12:00 बजे तक एयरपोर्ट ऑब्जर्वेटरी ने अच्छा इंच बारिश दर्ज की गई। इससे साफ है भोपाल में अब तक बारिश का आंकड़ा 30.78 इंच के करीब पहुंच गया है। सोमवार को भी शहर में रिमझिम बारिश होने की संभावना जताई गई है।

बंगाल की खाड़ी में बना नया सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में नया मौसम सिस्टम सक्रिय हुआ है। यदि यह सिस्टम पूर्वी मध्यप्रदेश का ट्रैक पकड़ता है, तो अगस्त के अंतिम दिनों में प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश का दौर बन सकता है। इससे भोपाल सहित आसपास के क्षेत्रों में भी बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है।

प्रदेश में सामान्य से कम बारिश

मध्यप्रदेश में 1 जून से अब तक 24.80 इंच बारिश दर्ज हुई है। सामान्य बारिश का आंकड़ा 27.55 इंच है। इस हिसाब से प्रदेश में अभी करीब 3.05 इंच बारिश कम है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में नए सिस्टम के प्रभाव से बारिश की कमी कुछ हद तक पूरी हो सकती है।

आज रिमझिम बारिश की संभावना

सोमवार को भोपाल में बादल छाए रहने के साथ रिमझिम बारिश हो सकती है। अगस्त के अंतिम दिनों में सिस्टम का प्रभाव बढ़ने पर तेज बारिश के दौर की संभावना बनी हुई है।

30 साल से खुले नाले से परेशान रहवासी, चक्काजाम कर पार्षद का पुतला फूंका

डीआर संवाददाता।। भोपाल

सत्य विनायक नगर में नीलेश नाका के पास करीब 30 साल से खुले पड़े नाले और दुर्गंधयुक्त सूखेपानी को लेकर रहवासियों का गुस्सा रविवार को सड़क पर उतर आया। हादसे एमआर पैलेस के पास स्थित नाले के कारण बारिश में सड़क और नाले का फर्क दिखाई नहीं देता। कई बार वाहन नाले में फंसने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

परिवार होना, लेक सिटी और शिवधर एसाना सहित अन्य कॉलोनियों के रहवासियों ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। विरोध में महिलाओं, पुरुषों और बुजुर्गों ने पार्षद का पुतला लेकर सीहोर नाका की मुख्य सड़क पर चक्काजाम किया और नारेबाजी की।

रहवासियों के अनुसार बारिश में नाले का गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है। स्कूल बस और वैन कॉलोनियों तक नहीं पहुंच पातीं, जिससे बच्चों को स्कूल और पीक अवर्स में सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

एप पर मिलेगी बस की लाइव जानकारी

यात्री 'बस्ती एप' के माध्यम से बस की लाइव लोकेशन और संभावित स्टॉप पर पहुंचने का अनुमानित समय देख सकेंगे। इससे यात्रियों को बस के इंतजार में समय बचाने और यात्रा की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलेगी। ई–बसों की संख्या बढ़ने से शहर में सुविधाजनक और प्रदूषण के अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को भी बढ़ावा मिलेगा।

ई–बस सेवा सोमवार | आज से भोपाल की सड़कों पर 30 ई–बसें, हर 10 से 15 मिनट में मिलेगी बस

चलो एप पर देख सकेंगे बस की लाइव लोकेशन और पहुंचने का समय

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल में पीएम ई–बस सेवा सोमवार से और बेहतर होने जा रही है। 10 नई ई–बसें सड़कों पर उतरने के बाद शहर में पीएम ई–बसों की संख्या बढ़कर 30 हो जाएगी। इससे तीनों प्रमुख रूट पर बसों की फ्रीक्वेंसी बढ़ेगी और पीक आवर्स में यात्रियों को करीब 10 से 15 मिनट के अंतराल में बस मिलने की सुविधा होगी।

तीसरे चरण में जुड़ी 10 नई बसें

भोपाल में पीएम ई–बस सेवा की शुरुआत 30 जुलाई को 10 बसों के साथ हुई थी। इसके बाद 18 अगस्त को 10 और बसें शुरू की गईं। अब तीसरे चरण में 10 नई बसें शामिल की जा रही हैं। ये बसें बी–35, बी–36 और बी–37 रूट पर चलेंगी।

बी–35 बैरागढ़ से सलैया

बी–36 रूट चिरायु अस्पताल, बैरागढ़ से आशापुरी इलाकेशी, सलैया तक रहेगा। बस लालघाटी, हमीदिया अस्पताल, एमपी नगर मेट्रो स्टेशन, मिडल मार्केट और बाणगंगा चौराहा होते हुए चलेगी।

बी–36 रेलवे स्टेशन से खेतर

बी–36 सोम फैक्ट्री रेलवे स्टेशन फेस्टफॉर्म–1 से बैरागढ़ चिचली होते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, अलोर रोड तक जाएगी। यह अरोरा गार्डन, बोर्ड ऑफिस, एमपी नगर, चूनाभट्ठी और नंदकिशोरी क्षेत्र से गुजरेगी।

बी–37 बैरागढ़ से आईएसबीटी

बी–37 बैरागढ़ ई–बस डिपो से लालघाटी, हमीदिया अस्पताल, एमपी नगर मेट्रो स्टेशन, मिडल मार्केट और बाणगंगा होते हुए आईएसबीटी तक जाएगी।

यात्रियों को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

नई बसों के संचालन से शहर के पश्चिमी हिस्से, बैरागढ़, लालघाटी, एमपी नगर, अलोर, रेलवे स्टेशन और आईएसबीटी के बीच सार्वजनिक परिवहन की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। खासकर कार्यालय और कॉलेज जाने वाले यात्रियों को इसका फायदा मिलने की उम्मीद है। बसों की संख्या बढ़ने से लंबा इंतजार कम होगा और यात्रा में सुविधा बढ़ेगी।

समृद्ध एमपी पर आज क्लिन्क्लेव, 130 संस्थान लेंगे भाग वन इंस्टीट्यूट–वन प्रिमिस' थीम पर होगा

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मध्यप्रदेश की विकास प्राथमिकताओं और केंद्रीय संस्थानों की शोध एवं नवाचार क्षमता को जोड़ने के उद्देश्य से सोमवार को मुख्यालय तारे पेंडाल में राज्य स्तरीय कॉन्क्लेव आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका शुभारंभ करेंगे। कॉन्क्लेव में प्रदेश और देश के 130 से अधिक संस्थान भाग लेंगे।

समृद्ध मध्यप्रदेश/2047' पर चर्चा

अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम का विषय "इंस्टीट्यूशन ऑफ सेंट्रली फंडेड इंस्टीट्यूशंस और समृद्ध मध्यप्रदेश/2047" रखा गया है। इसकी थीम "वन इंस्टीट्यूट–वन प्रीमिस" है। इसमें सम्बन्धित संस्थाएं, तकनीकी विशेषज्ञ, आधुनिक अवेसंरचना और मानव संसाधन के माध्यम से प्रदेश के विकास पर मंथन होगा।

59 केंद्रीय संस्थान होंगे शामिल

कॉन्क्लेव में राज्य में स्थित 59 केंद्रीय संस्थान, 26 राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय और 11 राज्य सार्वजनिक शासकीय संस्थान सहित अन्य संस्थाएं शामिल होंगी। इन संस्थानों के प्रतिनिधि मध्यप्रदेश के विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप अपने सुझाव और योगदान साझा करेंगे।

मुख्य सचिव देंगे मुख्य वक्तव्य

मुख्य सचिव अनुराग वर्मा "समृद्ध मध्यप्रदेश/2047' पर मुख्य वक्तव्य देंगे। सुशासन संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. राजीव दीक्षित विशेष संबोधन करेंगे। मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. संतोष कुमार विश्वकर्मा कॉन्क्लेव की पृष्ठभूमि और संदर्भ प्रस्तुत करेंगे।

शोध और नवाचार पर रहेगा फोकस

एक दिवसीय आयोजन में प्रदेश के विकास के लिए शोध, नवाचार, तकनीकी सहयोग और संस्थागत साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा होगी। संस्थानों से विकास के लिए ठोस प्रस्ताव और दीर्घकालिक योगदान की दिशा तय करने की उम्मीद है।

डी आर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर सावन शुक्ल पक्ष 12 - 2083 सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 24 अगस्त 2026

समीक्षा बैठक में निर्देश | कांवड़ यात्रा की व्यवस्था में लगे बल को एसपी ने किया ब्रीफ, दिए आवश्यक निर्देश

सीवन नदी घाट एवं कुबेरेश्वर धाम का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर में 26 अगस्त को आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जिले में शांति, कानून-व्यवस्था तथा सुगम यातायात बनाए रखने के लिए एसपी श्रीमती सोनाली सक्सेना एवं अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कांवड़ यात्रा की व्यवस्था में तैनात किए गए समस्त पुलिस बल तथा सरकारी विभागों के कर्मचारियों को फील्ड कसाकर ड्यूटी संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकारियों द्वारा दिए गए मुख्य दिशा-निर्देश

ब्रीफिंग के दौरान एसपी ने ड्यूटी पर तैनात समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में असामाजिक व आपराधिक तत्वों पर पैनी और सख्त नजर रखी जाए। कांवड़ यात्रा के दौरान महिला श्रद्धालुओं तथा बच्चियों की सुरक्षा एवं सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जाए। कांवड़ियों की यात्रा बिना किसी बाधा के निरंतर चलती रहे तथा कहीं भी ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित न हो। इसके लिए ट्राईड, मुख्य मार्गों एवं लावजीम सड़कों पर स्थिति नियंत्रित बनाए रखने हेतु मोबाइल पेट्रोलिंग की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर स्थलों पर तैनात बल अपने निर्धारित पॉइंट और आसपास के क्षेत्र पर अत्यधिक सतर्कता एवं सजगता के साथ सुदृढ़ निगाह रखें। ड्यूटी के दौरान सामान्य बल आमजन व श्रद्धालुओं के साथ अत्यंत विनम्र, सहयोगपूर्ण और शालीनतापूर्वक व्यवहार करें। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आज से ही अपने ड्यूटी स्थान, ड्यूटी के समय तथा उनसे संबंधित सेक्टरप्रभारी अधिकारी की जानकारी स्पष्ट रूप से याद कर पूरी गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

सीवन नदी घाट एवं कुबेरेश्वर धाम का किया निरीक्षण

ब्रीफिंग के बाद एसपी श्रीमती सोनाली सक्सेना ने पुलिस अधिकारियों के साथ सीवन नदी घाट एवं कुबेरेश्वर धाम का भ्रमण कर धाम में मौजूदा हाल, शिला परिसर, पार्किंग व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ब्रीफिंग एवं निरीक्षण के दौरान एसडीपी डॉ. प्रशांत चौबे सहित पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।

यात्रा के लिए पुलिस बल होगा तैनात

कांवड़ यात्रा के दौरान संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु बल को अलग-अलग सेक्टरों में भेजा गया है। यह विशेष सुरक्षा व्यवस्था 25 अगस्त से 26 अगस्त तक निरंतर प्रभावी रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों, जिले के स्थानीय पुलिस बल, बाहरी जिलों से आए पुलिस बल, होमगार्ड, एसटीएफ/एसएफ, गरुड़ विभाग तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को तैनात गया है। इसके अतिरिक्त रणनीति हेतु कोतवाल एवं विभिन्न डिवीजन पैट्रोलिंग की भी तैनाती की गई है।

भारी वाहनों पर रोकथ पिछली भगदड़ से सबक

सीहोर। कांवड़ यात्रा में लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने 25 से 26 अगस्त तक हाईवे-कॉरिडोर पर भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी है। यात्रा के लिए लगे पैदलचित्र मार्ग तय किए गए हैं, जिसमें वाहियों को अति, सिक्ख पूरी और जोखाली उपाधी रह सकती है। सभी वाहन के लिए भी आवश्यक मानु रहेगा।

पिछले वर्ष कांवड़ यात्रा और कुबेरेश्वर धाम आयोजनों के दौरान भगदड़ में 7 श्रद्धालुओं की मौत के बाद इस बार सख्त नियंत्रण का किया गया है। अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया जा रहा है। हालांकि, इतनी भीड़ भीड़ के बीच केवल आवश्यकता और पुलिस व्यवस्था हेतु कोतवाल एवं विभिन्न डिवीजन पैट्रोलिंग की भी तैनाती की गई है।

कुबेरेश्वर धाम में महाराष्ट्र की बुजुर्ग महिला की मौत, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल

बुढ़े सीहोर में बड़ी संख्या में रजाबेल लगने दिखाई देने पर लोगों ने उठाए सवाल

डीआर संवाददाता»सीहोर

प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में दर्शन के लिए महाराष्ट्र से आई 70-75 वर्षीय कोसल बाई कनेड़े की अचानक तबीयत बिगड़ने की खबर सामने आई है। महिला नागपुर के आसपास के क्षेत्र की रहने वाली थी और परिजनों के साथ धाम पहुंची थी।

जानकारी के अनुसार, धाम परिसर में विश्राम के दौरान उनकी अचानक तबीयत बिगड़ी। परिजनों और आसपास मौजूद लोगों ने मदद की कोशिश की, लेकिन उनकी हालत गंभीर हो गई और उपचार मिलने से पहले ही उनकी मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है।

घटना के बाद महिला के शव को परिजनों को सौंपकर दुख प्रकट किया गया है। उन्होंने शव को मृत क्षेत्र ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की। आवश्यक प्रशासनिक और विधिक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

यह घटना ऐसे समय हुई है जब कुबेरेश्वर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे रहे हैं। खासकर बुजुर्ग श्रद्धालुओं की मौजूदगी को देखते हुए परिसर में आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता बेहद जरूरी है। अचानक तबीयत बिगड़ने की स्थिति में त्वरित उपचार और एंबुलेंस की व्यवस्था सेहतमंद प्रतीत है, इस घटना ने इस पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

न्यूज गैलरी

अगस्त से पहले प्राप्त करें दो माह का राशन

सीहोर। सीहोर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र हितग्राहियों को अगस्त में दो महीने की राशन सामग्री एकमुश्त दी जा रही है। शासन के निर्देश पर सीहोर जिले स्थित खुलिमाना अन्नदा की सभी राशन दुकानों पर अगस्त और सितंबर की राशन सामग्री एक साथ उपलब्ध कराई गई है। पात्र हितग्राही दोनों माह की राशन सामग्री 31 अगस्त से पहले ले लें।

अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति, आवेदन 31 तक करें

सीहोर। उच्च शिक्षा के लिए छात्राओं को आर्थिक मदद देने वाली अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति योजना में वर्ष 2026-27 के पहले सत्र के आवेदन की अंतिम तारीख 31 अगस्त है। आवेदन पूरी तरह मुफ्त है। योजना के तहत वर्ष 2024-25 में मध्य प्रदेश में 19 हजार से ज्यादा छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली थी। इसमें सीहोर जिले की 552 छात्राएं शामिल रहीं।

योजनाएं किसान स्थापित करा सकते हैं ट्रांसफार्मर

सीहोर। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा किसानों के लिए जीवनदायी योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत किसान कंपनी के डीएसपी पोर्टल पर आवेदन कर प्राक्कलन राशि का 3 प्रतिशत सुरक्षितजमा व 10 प्रतिशत डीएसटी कंपनी कंपनी में जमा करने के बाद कंपनी में पंजीकृत श्रेणी विद्युत ठेकेदार का चुनाव अपने स्तर पर कर सकते हैं और कृषि कार्य (पंप) के लिए ट्रांसफार्मर स्थापित करा सकते हैं।

एमपी टॉस्क एवं एनआईसी 2.0 पोर्टल खुला

सीहोर। अनुसूचित जाति व्ही एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन और आयाम सहायता के लिए 30 अगस्त तक एमपी टास्क एवं एनआईसी 2.0 पोर्टल खोल गया है। नॉर्मल पाठ्यक्रम सहित अन्य सभी पाठ्यक्रमों की फिट पाई गई संस्थाओं के ऐसे पात्र विद्यार्थी जो इन सत्रों की छात्रवृत्ति हेतु अभी तक आवेदन नहीं कर पाए हैं वे आवेदन कर सकते हैं।

ट्रेनों की समय-सारणी जारी

सीहोर। सीहोर में 26 अगस्त को आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने को मद्देनजर रखते हुए रेलवे द्वारा सीहोर स्टेशन से आने-जाने वाली ट्रेनों की समय-सारणी जारी की गई है। सीहोर में रेल मार्ग से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गुरुवार रात से स्वर्णीकरण तथा मोबाइल एवं संसाधित होने वाली ट्रेनों की जानकारी जारी की गई है। रेलवे की समय सारणी के अनुसार 25 एवं 26 अगस्त को सीहोर स्टेशन से स्वर्णीकरण की ओर जाने वाली ट्रेनों तथा मोबाइल की

अचल संपत्ति लेन-देन में सावधानी जरूरी, आयकर नोटिस से बचने के बताए तरीके

डीआर संवाददाता»सीहोर

टेक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन (एपीटीए) द्वारा अचल संपत्ति के लेन-देन के कर निर्धारण एवं सेवाकर विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता वीर अनुपम अग्रवाल ने कहा कि विक्रय अनुबंध और विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) संपत्ति के लेन-देन का महत्वपूर्ण आधार है। रजिस्ट्री तैयार करते समय आयकर प्रावधानों की जानकारी, भविष्य में आयकर विभाग के नोटिस का कारण बन सकती है।

स्टाम्प विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

अनुपम अग्रवाल ने कहा कि अचल संपत्ति से जुड़े मामलों में स्टाम्प विक्रेता और सेवा प्रदाताओं को भी आयकर नियमों की जानकारी होना जरूरी है। दस्तावेज तैयार करते समय आर्थिक सार पर आवश्यक प्रावधानों का ध्यान रखा जाए तो करदाता को भविष्य की परेशानियों से बचाया जा सकता है।

अधिवक्ता कर किया स्वागत

कार्यक्रम की मुख्यअतिथि एपीटीए अध्यक्ष अनिमेष सुराना ने स्वागत भाषण से हुई। सुश्री ईशा ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया। अनुपम अग्रवाल के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता निर्मल शर्मा और सुनील सोनी का स्वागत महेंद्र अग्रवाल, प्रवीण मोहता, अजय खण्डेलवाल, रोहित जैन और अंकुश जैन ने किया। अतिथियों को स्मृति चिह्न भी भेंट किए गए।

नवाचुक्ति और व्यावहारिक जानकारी पर जोर

कार्यक्रम का संचालन अनिमेष जैन ने किया, जबकि अंत सलाहकार मनोज तिवारी ने आभार व्यक्त किया। सेमिनार में लेखाकार, स्टाम्प विक्रेता, सेवा प्रदाता और कर विशेषज्ञ शामिल हुए। एपीटीए के अध्यक्ष सीहोर ने पहली बार इस स्तर के आयोजन में अचल संपत्ति से जुड़े आयकर और लेखांकन प्रावधानों की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

बाजारों में बढ़ी रौनक, नई डिजाइन की राखियां बनीं

डीआर संवाददाता»सीहोर

त्यौहार पर्व नजदीक आते ही सीहोर के बाजारों में बहिनों की खरीदारी तेज हो गई है। शहर के मुख्य बाजारों में राखी की दुकानें सज चुकी हैं और बहनें भाइयों के लिए पारंपरिक राखियां खरीदने में व्यस्त नजर आ रही हैं। इस बार बाजार में पारंपरिक राखियों के साथ स्वदेशी, गोटा, मोती, क्रिस्टल, स्टोन और फैंसी डिजाइन वाली राखियों की नई वैरायटी उपलब्ध है।

बच्चों के लिए कार्टून राखियों की मांग

बच्चों के लिए मशीनक, लाइटिंग और कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों की दुकानों पर अच्छा भाव है। अभिभावक भाई के लिए तैयार किए गए राखी सेट भी खरीदारों को आकर्षित कर रहे हैं। बाजार में फैंसीलेक्स और धार्मिक डिजाइन वाली राखियों की मांग भी बढ़ी है। देश के अन्य शहरों के बाजारों में भी इस बार स्टोन, क्रिस्टल और स्वदेशी जैसी राखियों की मांग देखी जा रही है।

31 अगस्त को नगर पालिका में विशेष आयोजन

सीहोर में सावनोत्सव के अवसर पर नगर पालिका परिसर के पास पुतली मेला परिसर में 31 अगस्त को दोपहर 12:30 से 3 बजे तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें शहर के विभिन्न वार्डों से बहनों के शामिल होने की संभावना है।

भगवान शिव की पालकी यात्रा में दिखीं 12 ज्योतिर्लिंगों की आकर्षक झांकियां

डीआर संवाददाता»सीहोर

श्री राम कोलोनी स्थित श्री राम जानकी मंदिर से भगवान शिव की भव्य पालकी यात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' और 'जय श्री राम' के जयघोषों से गूंज उठा। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर पालकी यात्रा का स्वागत किया।

चार्ट ने पालकी उठाकर किया शुभारंभ

यात्रा का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद मुकेश गेहाना ने भगवान की पालकी अपने कंधे पर उठाकर किया। वे यात्रा में आगे तक और शामिलों का जायजा लेते हुए आयोजन का नेतृत्व किया। सामाजिक कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न स्थानों पर उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया।

12 ज्योतिर्लिंगों की झांकियां बनीं आकर्षण

पालकी यात्रा में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों की आकर्षक झांकियां, भजन मंडलियां और शोभायात्रा को प्रमुख विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इन्हें देखने के लिए मार्ग में बड़ी संख्या में नागरिक एकत्रित हुए। डमरू और झांझ वादकों की प्रस्तुतियों ने माहौल भक्तिमय कर दिया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए जयकारे लगाते और भक्ति में झूमते नजर आए।

पत्नी की हत्या के दोषी पति को उम्रकैद, अर्थ दण्ड की सजा, चरित्र शंका में किया था हमला

डीआर संवाददाता»सीहोर

सत्रगोर की अदालत ने पत्नी की हत्या के मामले में छत्रसिंह उर्फ मंगीलाल (36) को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने धारा 302 के तहत 2 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। सही, सबूत और बेटी पर हमले के मामले में धारा 324 के तहत एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी गई है। मामला 12 मई 2024 की रात ग्रामीण थाना क्षेत्र के पास घटनाया का है। आरोपी अपनी पत्नी गुलाबाई और बेटी के साथ जंगलुल पहुंचा था। यहां पत्नी से संसुक्त न जाने और उसके चरित्र पर शंका को लेकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान आरोपी ने घर में रखी कुल्हाड़ी से पत्नी पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बीच-बचाव करने आए गुलाबाई के पिता और बेटी के हमले में घायल हुए।

घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने उम्मीद, इंदौर, खंडवा और गुजरात में उसकी तलाश की। करीब 36 किलोमीटर के जंगल क्षेत्र में तलाशी के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने जंगल से घटना में इस्तेमाल कुल्हाड़ी भी बरामद की।

अदालत ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी माना और उसकी सजा सुनाई। अर्थदंड जमा नहीं करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सवान का चौथा सोमवार | कुबेरेश्वरधाम पर आज अंतिम सोमवार को लगेगा 200 क्विंटल खिचड़ी का भोग

सीवन नदी तटसे धाम तक उमड़ा आस्था का सैलाब, हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे 100 से अधिक कांवड़िए

डीआर संवाददाता»सीहोर

सावन मास के अंतिम सोमवार को लेकर कुबेरेश्वरधाम में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। रविवार को देर शाम से अधिक श्रद्धालुओं ने धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की। शहर के सीवन नदी के तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक दिनभर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के चलते शहर सहित आसपास की होटल, धर्मशाला और होम स्टे भी फुल हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय ख्याति वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने

श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि भगवान शिव बहुत भोले हैं और सच्चे भाव से की गई भक्ति से प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का निरंतर स्मरण करते हुए श्रद्धा और विश्वास के साथ एक लोटा जल अर्पित करना चाहिए। भीड़ में धैर्यपूर्वक से अधिक महत्व भाव का है। मन में सच्ची आस्था हो तो सरल तरीके से की गई पूजा भी सार्थक होती है।

25 अगस्त को निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा

सावन मास के दौरान प्रतिदिन सीवन नदी से तट से हजारों श्रद्धालु कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंच रहे हैं। वहीं 26 अगस्त को दोपहर 3 बजे सीवन नदी के तट से भव्य रोचक तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर जिलेभर सेवा समिति और प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कांवड़ यात्रा को शिव और शक्ति का कांवड़ कार्यों हुए बताया कि कांवड़ लेकर भगवान शिव की ओर जाने वाले श्रद्धालु और रास्ते में कांवड़ यात्रियों की सेवा करने वाले सेवादार, दोनों ही भगवान की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने सेवा कार्य में जुटे सामाजिक संगठनों और सेवादारों के सराहना करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा करना भी पुण्य का कार्य है।

हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़िए

जिलेभर सेवा समिति के पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा संचालित हरिद्वार शाखा ने बताया कि हरिद्वार से 100 से अधिक कांवड़ यात्री गंगाजल लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने क्षेत्रों को शहर के बाद रोहित पर चार दिवस और वहां से सीवन नदी के तट तक पहुंचकर पैदल-सीधे करते हुए पैदल यात्रा भी पूरी पूरा किया। भगवान शंकर के भक्त विभिन्नता के कांवड़ यात्री पहुंचकर अपना परिचय गंगा अपना। ऊपर कांवड़ में शामिल श्रद्धालुओं का जायजा भी देखते हैं बन रहा था। हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे इन शिवभक्तों ने कुबेरेश्वर की पावन तीर्थ का अनुभव किया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर सावन शुक्ल पक्ष 12- 2083 सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 24 अगस्त 2026

न्यूज गैलरी

करंट से मजदूर की मौत

आष्टा। पार्वती नगर क्षेत्र की आईडीसीटी कॉलोनी में निर्माण कार्य के दौरान 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से 48 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान भगत सिंह पिता बाबू सिंह, निवासी ढाकला राम के रूप में हुई है। वह कॉलोनी में मकान निर्माण का काम कर रहा था। इसी दौरान सरिया खड़ा करते समय वह ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे करंट फैल गया। आसपास के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मार्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

राहुल गांधी के कार्यक्रम का आष्टा में लाइव प्रसारण

आष्टा। पुणे में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम का आष्टा में कांग्रेस पदाधिकारियों और युवाओं ने लाइव प्रसारण देखा। आयोजन युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह ठाकुर, लोकेन्द्र भाटी और अमित पाटील के नेतृत्व में हुआ। लाइव प्रसारण के दौरान राहुल गांधी ने महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और अधिकार मिलना जरूरी है। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक पल्लवर, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हरिजीत सिसोदिया, पूर्व नगर अध्यक्ष कैलाश परमार सहित कई राज्य व जिला स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे।

जावर में आज निकलेगी भोलेनाथ की शाही सवारी

जावर। श्रावण माह के अंतिम सोमवार को नगर में भगवान भोलेनाथ की विशाल शाही सवारी निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर शिवभक्त कई दिनों से तैयारियों में जुटे हैं। शाम को नगर मंदिर और अन्नपूर्णा मंदिर से बाबा भोलेनाथ की शाही सवारी रवाना होकर श्रीराम मंदिर पहुंचेगी। यहां से ढोल-बाजे और ढोल-धमाकों के साथ शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु पुष्पवर्षा कर पालकी का स्वागत करेंगे। पालकी में विराजमान भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और आरती की जाएगी। पार्षद वीरेन ठाकुर ने नगरवासियों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

रेसलिंग चैंपियनशिप में राजदीप ने जीता कांस्य पदक

सीहोर। उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित पंडित कांतिया स्टेडियम में आयोजित नेशनल सीनियर रेसलिंग चैम्पियनशिप-2026 में मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के प्रतिभाशाली पहलवान राजदीप यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 130 किलोग्राम सीनियर वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के बाद उनके परिजनों, प्रशिक्षकों एवं खेलप्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। राजदीप की इस उपलब्धि से जिले के युवा खिलाड़ियों में भी उत्साह का माहौल है। खेलप्रेमियों ने उम्मीद जताई कि वे आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी देश का प्रतिनिधित्व कर पदक हासिल करेंगे।

4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने सिखा पत्र

इछावर। पिछले दिनों नगर के वार्ड 12 निवासी सोहाल के दो पुत्रों सहित एक रिश्तेदार के बालक की नहाते के दौरान खाई में डूबने से मौत हो गई थी।

तैयारियां कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां पूरी,

नदी में उतरने की आवश्यकता नहीं, घाट पर लगाए गए पानी के नल , नदी में न उतरें नल से ही लें जल

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर में कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां पूरी कर सीवन घाट से कुबेरेश्वर धाम तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 5 मेडिकल प्वाइंट 23 अगस्त से डायवर्जन लागू

सीहोर में 23 अगस्त को आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कलेक्टर बालकृष्ण के. के निर्देश पर यात्रा मार्ग को अलग-अलग सेक्टरों में बांटकर अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी तय की गई है। पुलिस एवं सुरक्षा बल की निर्धारित प्वाइंट पर तैनात कर दिए गए हैं।

सीवन नदी घाट से कुबेरेश्वर धाम तक सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश, पार्किंग और आपातकालीन व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण पर विशेष जोर दिया है। यात्रा के दौरान लगातार अनाउंसमेंट कर श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी दी जाएगी।

सीवन घाट पर नदी में उतरने की अनुमति नहीं

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीवन नदी घाट पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। नदी में उतरकर जल लेने की जरूरत न पड़े, इसके लिए नदी के ऊपर की सड़क से नल लगाए गए हैं। जल के माध्यम से नदी का पानी इन नलों तक पहुंचाया जाएगा। श्रद्धालु इन्हीं नलों से कांवड़ में जल भर सकेंगे। घाट पर सुरक्षा दल और बोट तैनात रहेंगे। बैरिकेडिंग के साथ लगातार निगरानी की जाएगी।

यात्रा मार्ग पर 5 मेडिकल प्वाइंट

हादसा रोकने/सुविधा के लिए मार्ग पर कुल 5 मेडिकल प्वाइंट बनाए गए हैं। कुबेरेश्वर धाम परिसर में भी अलग-अलग स्थानों पर मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। स्वास्थ्य विभाग ने एंबुलेंस, नर्सिंग स्टाफ, दवाओं और आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था की है। यह सभी मार्गों से जुड़ा रहेगा।

पार्किंग और रेलवे स्टेशन पर भी व्यवस्था

कुबेरेश्वर धाम में वाहनों के लिए पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया है। प्रोत्रेज-निवास, निर्धारित एरिया और अन्नक्षेत्रों में सिंगल की व्यवस्था की गई है। यही सभा में ट्रेन से आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए सीहोर रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की गई है।

23 अगस्त से डायवर्जन लागू

प्रशासन का डायवर्जन प्लान 23 अगस्त दोपहर 6 बजे से लागू है और 26 अगस्त रात 12 बजे तक रहेगा। भारी वाहनों और छोटे-सवारी वाहनों के लिए अलग-अलग वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। भोपाल, देवास, इंदौर, आष्टा, उज्जैन और अन्य दिशाओं से आने-जाने वाले वाहनों को निर्धारित परिवर्तित मार्गों से गुजरना होगा।

डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सीवन नदी में न उतरने, निर्धारित मार्गों और पार्किंग का उपयोग करने तथा अनाउंसमेंट के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

कलेक्टर बालकृष्ण के. ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धामय वातावरण उपलब्ध कराना है। सभी विभागों, पुलिस और सुरक्षा बलों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।

बस स्टैंड के बुक स्टॉल में लगी आग, 50 हजार का सामान जला

डीआर संवाददाता>> आष्टा

शहर के बस स्टैंड पर स्थित एक बुक स्टॉल में रविवार देर रात करीब 2 बजे अचानक आग लग गई। आग से दुकान में रखा पेपर, किताबें और अन्य सामान जलकर राख हो गया। संचालक के अनुसार, घटना में करीब 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, बस स्टैंड स्थित सैयद अकबर अली के पेपर-बुक स्टॉल में रात करीब 2 बजे आग लगी। पास में पान की दुकान के बाहर सो रहे संतोष बंजारा ने दुकान से धुआं और आग की लपटें देखीं। उन्होंने संचालक तुकाराम संचालक को सूचना देने के साथ फायर ब्रिगेड को भी जानकारी दी।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम करीब 10 मिनट में मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। संतोष बंजारा के अनुसार, समय रहते आग बुझा दी गई, वरना बस स्टैंड पर आसपास की 10 से 15 दुकानों तक आग फैल सकती थी।

दुकान संचालक सैयद अकबर अली ने बताया कि आग लगने की सूचना उन्हें रात करीब 2 बजे मिली। दुकान में रखा पूरा सामान जल गया है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आग लगने के कारणों का पता चल सकता है। घटना के बाद नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

कन्या शिक्षा परिसर में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

डीआर संवाददाता>सीहोर

नगर सभी आदर्श कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर में सुर्य फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यालय में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास, प्रेम एवं आत्मीयता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सूर्य फाउंडेशन के पदाधिकारी न्यूज एवं कुछ विशेषज्ञ गौतम नायक, विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश शर्मा, प्राचार्या डॉ. किरीट गंगा, उप प्रबंधक संदीप नीमे एवं अध्यापक अशोक तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

रक्षाबंधन के अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने अधिकारियों, प्रबंधन सदस्यों एवं शिक्षकों की कलाइयों पर राखी बांधकर भाई बहन के पवित्र रिश्ते की भावना को अभिव्यक्त किया। इस दौरान अधिकारियों एवं शिक्षकों ने छात्राओं को स्नेह, सुरक्षा, सशक्तता एवं उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्षाबंधन का यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे एवं भाई-बहन के अटूट रिश्ते को मजबूत बनाए रखने का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं को जीवन में साहस, प्रेम, सहयोग एवं सम्मान को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। रक्षाबंधन उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर का वातावरण उत्साह, उमंग एवं आत्मीयता से सराबोर रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के

डीआर संवाददाता>सीहोर

जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2025-27 की बीएडब्ल्यू और एलएसडब्ल्यू की बहनों का रीहार्स में शुभारंभ किया गया।

प्रोग्राम कोर्डिनेटर समन्वयक पंकज उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने, नेतृत्व क्षमता बढ़ाने और महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने और सामूहिक नेतृत्व को बढ़ावा देने का भी प्रभावी मंच है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को सामाजिक मुद्दों, नेतृत्व कौशल, संवाद कौशल और सामुदायिक सहभागिता से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। श्री जगदीश प्रसाद गुप्ते ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में 'शिक्षा के साथ नेतृत्व और नेतृत्व के माध्यम से समाज परिवर्तन' की भावना विकसित करना है। प्रभारी समन्वयक श्री प्रदीप सिंह सेंगर ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही मोहनाबल्लू एवं एलएसडब्ल्यू के छात्रों को प्रशिक्षणों में की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में पवित्रा एकादशी पर भगवान का विशेष श्रृंगार, भोग लगाकर की पूजा-अर्चना

डीआर संवाददाता>सीहोर

शहर के कोटीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में सावन मास का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पवित्रा एकादशी के अवसर पर रविवार को मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया गया। वहीं सावन के अंतिम सोमवार को मंदिर में भगवान शिव का विशेष रुद्राभिषेक किया जाएगा। संत महामंडलेश्वर महंत श्री श्री रामानंद गिरि जी महाराज के सानिध्य में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से दिव्य अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

अंतिम सोमवार को महामंडलेश्वर रामपुरान महाराज के मार्गदर्शन में सुबह 10 बजे भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान को रुद्राभिषेक प्रारंभ होगा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करेंगे।

सावन में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व

उन्होंने बताया कि शिवपुराण की रुद्र संहिता में सावन माह में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व बताया गया है। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार भगवान शिव का रुद्राभिषेक करने से मन की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु सावन सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक, गंगाजल अर्पण और रुद्राभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर परिसर में रविवार को महिला श्रृंगारवरी के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। भगवान के विशेष श्रृंगार और भोग के बाद श्रद्धालुओं ने दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आज अंतिम सोमवार होने के कारण मंदिर में भक्तों की भीड़ और व्यवस्थाएं पूर्ण होंगी है।

---

25 से 31 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह, जिलेभर में होंगे विविध आयोजन

डीआर संवाददाता>> आष्टा

संस्कृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से संस्कृतभारती जिला सीहोर द्वारा 25 से 31 अगस्त तक सात दिवसीय संस्कृत सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संस्थानों में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम होंगे।

संस्कृतभारती के जिला मंत्री रत्नेश सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य संस्कृत को केवल अध्ययन की भाषा तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन और व्यवहार की भाषा के रूप में स्थापित करना तथा नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान, संस्कृति और परंपरा से जोड़ना है।25 अगस्त को संस्कृत जागरूकता अभियान से सप्ताह की शुरुआत होगी। 26 अगस्त को जनजागरण एवं संभाषण दिवस के तहत घर-घर और विद्यालयों में सरल संस्कृत वाक्यों का अभ्यास कराया जाएगा। 27 अगस्त को श्लोक-पाठ, सुभाषित वाचन, भजन, निबंध, सुलेख, प्रश्नोत्तरी और संस्कृत गीत प्रतियोगिताएं होंगी।

28 अगस्त को व्याकरण पृच्छिका के अवसर पर विश्व संस्कृत दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत और श्रीमद्भगवद्गीता का पूजन तथा संस्कृत गौरव कार्यक्रम होंगे। 29 अगस्त को पुस्तक प्रदर्शनी, काव्य-पाठ, परिचर्चा और व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।30 अगस्त को संस्कृत की वर्तमान उपयोगिता, रोजगार, शिक्षा और आधुनिक तकनीक में इसकी भूमिका पर विद्वान चर्चा करेंगे। 31 अगस्त को समापन समारोह में सप्ताहभर की गतिविधियों की

शुभारंभ एमएसडब्ल्यू-बीएसडब्ल्यू सत्र का शुभारंभ भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय में हुआ

विधायक ने वाद्ययंत्रों के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा, शासकीय सेवा

डीआर संवाददाता>> आष्टा

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत एमएसडब्ल्यू-बीएसडब्ल्यू सत्र का शुभारंभ भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोशन सिंह इंजीनियर रहे। विशेष अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिभा राजेश सेंगर, सुशील संचेती, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद पंकज उपाध्याय, समन्वयकों गौतम ठाकुरे और महाविद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र रघुवंशी मौजूद रहे। विधायक रोशन सिंह इंजीनियर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जन अभियान परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि परिषद दलित और जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विधायक ने महाविद्यालय में विद्यार्थियों की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 'रचनाओं की खरीद के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा' भी की।

कार्यक्रम के दौरान एमएसडब्ल्यू-बीएसडब्ल्यू की पढ़ाई के दौरान सामाजिक सेवा में सक्रिय छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इनमें शिवा भदौरिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, खुशी सोनी, आशा कार्यकर्ता, रूपाली ठाकुर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शिवानी शर्मा, पुलिस विभाग शामिल हैं। सभी को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई।

इसके अलावा सेक्टर स्तर पर शासन की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में योगदान देने वाले सेक्टर प्रभारी राकेश सेन, महेंद्र सिंह ठाकुर और महेश मंडेल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र रघुवंशी ने कार्यक्रम में सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में विभाग ने उपस्थित लोगों को नशामुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई। इसके बाद "एक पेड़ मां के नाम अभियान" के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

रक्तदान मानव सेवा का महान कार्य कुसुम दीदी

डीआर संवाददाता>> आष्टा

राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्यतिथि पर रविवार को ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय सेवाश्रम, समिति सेवा आष्टा में विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान आयोजित किया गया।

ब्रह्माकुमारीज़ की प्रमुख सुशुम दीदी ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महान कार्य है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकता है। समाज में सेवा, सहयोग और विश्व बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देना सभी की जिम्मेदारी है। विधायक रोशन सिंह इंजीनियर ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए। सफल हिंदू समाज अध्यक्ष गरीब कुशवाहा ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया।

न्यूज गैलरी

लंबित आवेदनों की समीक्षा आज, कलेक्टर लेंगे बैठक

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में लंबित आवेदनों और विभागीय कार्यों की समीक्षा के लिए टीएल बैठक सोमवार को होगी। बैठक कलेक्ट्रेट के सेतु सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगी। बैठक में जिले के अलग-अलग विभागों के लंबित प्रकरणों के निराकरण, योजनाओं की प्रगति, शासन स्तर से मिले निर्देशों के पालन की विस्तृत समीक्षा होगी।

25 पंचायतों में आधार शिविर, 196 को लाभ

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विकास अभियान के तहत ग्यारसपुर जनपद पंचायत क्षेत्र की 25 ग्राम पंचायतों में एक साथ विशेष शिविर लगे। शिविरों में ग्रामीणों को आधार से जुड़ी अलग-अलग सेवाएं मौके पर ही दी गईं। एक दिन में कुल 196 हितग्राहियों की आधार संबंधी सेवाएं दर्ज की गईं।

शिव प्राण प्रतिष्ठा: एक दिन में जुटाए डेढ़ लाख रु.

विदिशा। सर्कट के समय जब आस्था पर प्रहार होता है, तब सामूहिक एकता और अटूट विश्वास हर बाधा को पार कर लेता है। बालाजी ईको सिटी कॉलोनी में कुछ ऐसा ही प्रेरणादायक नजारा देखने को मिला, जहां स्वयंसेवकों ने असामाजिक तत्वों द्वारा पहुंचाई गई क्षति को अपनी शक्ति बनाते हुए महज एक दिन में डेढ़ लाख रुपए की राशि जुटाई और भगवान शिव की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न करवा दी। श्रावण मास के पवित्र दिनों में महिलाएं पूजा-अर्चना के लिए दूर-दराज न जाएं, इसके लिए कॉलोनी में शिव मंदिर की स्थापना की गई थी। लेकिन 20 अगस्त को कॉलोनी के ही एक युवक ने अपनी पारिवारिक उलझनों के चलते अफीम के आकर मंदिर में स्थापित भगवान शिव की प्रतिमा को खंडित कर दिया। हालांकि पुलिस ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई कर दी, लेकिन सावन के पवित्र सोमवार पर पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं विशेषकर महिलाओं के मन में गहरी चिंता और रोष व्याप्त हो गया था।

मुख्य बाजार में तीन-चार पहिया वाहनों पर रोक

विदिशा। यातायात पर सुगम बाजार में भीड़ को देखते हुए आगामी को परेशानी से बचाने के लिए सोमवार से आंशिक यातायात व्यवस्था लागू की गई। व्यवस्था यातायात थाना प्रभारी आंशिक राम के नेतृत्व में लागू की गई। मुख्य बाजार क्षेत्र में भगवानगंज से निकासी तक तीन पहिया और चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लिलक मोड़ तक भी प्रतिबंध रहेगा। बड़ा बाजार तक भी प्रतिबंध रहेगा। यातायात पुलिस ने लोगों से सहयोग की अपील की है। खरीदारी के लिए मुख्य बाजार में तीन पहिया और चार पहिया वाहन लेकर न आएं। कुशीनगर एक्सप्रेस में चाकी की संदिग्ध मौतकिचार राम कोचल की ओर आ रही कुशीनगर एक्सप्रेस में एक यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया। यात्रियों की सूचना पर आरपीएफ ने विदिशा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को करीब 10 मिनट रोककर यात्री का शव नीचे उतारा और मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरपीएफ के एसआई एनी द्विवेदी के अनुसार, यात्रियों ने ट्रेन में एक व्यक्ति के अचेत अवस्था में होने की सूचना दी थी।

व्यापारी यश सोनी से हुई 25 लाख 18 हजार 750 रुपए के जेवरों की लूट का पुलिस ने किया पर्दाफाश

550 सीसीटीवी कैमरों की मदद से खुलासा, जेल में बनी थी साजिश

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

विदिशा जिले के पठान गांव के पास 5 अगस्त को व्यापारी संजय सोनी और उनकी पत्नी यश सोनी से हुई 25 लाख 18 हजार 750 रुपए के जेवरों की लूट का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस सनसनीखेज लूट की वारदात को सुलझाने पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी, क्योंकि आरोपियों ने पुलिस की तकनीकी निगरानी से बचने के लिए मोबाइल फोन और किसी भी डिजिटल माध्यम का इस्तेमाल नहीं किया था।

पुलिस ने छह टीमों का गठन कर करीब 65 अधिकारियों और कर्मचारियों को जांच में लगाया। टीमों ने 550 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, संदिग्धों के हुलिए के आधार पर स्केच तैयार किए और पुराने अपराधियों के रिकॉर्ड की जांच की। इसके बाद पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट का माल बरामद कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से 7 किलो 235 ग्राम चांदी, 25 ग्राम सोना, दो मोटरसाइकिल और तीन अवैध देसी कट्टे बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपी संगठित गिरोह के सदस्य हैं और पहले भी गंभीर अपराधों में शामिल रहे हैं।

जेल में बनी थी लूट की योजना

लूट का मास्टरमाइंड टिंकू, उर्फ मुकेश यादव बताया जा रहा है। आरोपियों की मुलाकात पहले जबलपुर जेल और बाद में गंजबासौदा जेल में हुई थी। दिसंबर 2025 में जेल से बाहर आने के बाद टिंकू ने उदयपुर के पास गुरदेवपुर गांव में पूरी योजना तैयार की।

पुलिस से बचने के लिए आरोपियों ने मुख्य सड़कों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने ग्रामीण रास्तों का पूरा रूट चार्ट बनाया। वारदात को अंजाम देने से पहले करीब डेढ़ महीने तक पूरे रास्ते की कई बार रिहर्सल की गई। हालांकि कुछ गतिविधियों के कारण घटनास्थल लगभग तीन महीने तक दर्ज नहीं हो सका।

पुराने अपराधों का लंबा रिकॉर्ड

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्यों पर 105 गंभीर मामले दर्ज हैं। टिंकू उर्फ मुकेश यादव पर 21 अपराध, हेमराज सिंह बुंदेला पर 19 अपराध, कृष्णपाल सिंह बुंदेला पर 13 अपराध और लखन सिंह यादव पर नौ अपराध दर्ज हैं।

पुलिस ने स्केच और जांच के आधार पर सबसे पहले टिंकू तक पहुंच बनाई। पूछताछ के बाद अन्य आरोपियों के नाम सामने आए। हेमराज सिंह बुंदेला नेपाल भागने की तैयारी में था, जिसे नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया। वहीं कृष्णपाल सिंह बुंदेला ने मध्यप्रदेश की अदालत में सरेंडर किया था, जिसे विदिशा पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई।

तराजू से तौलकर बांटा लूट का हिस्सा

वारदात के समय आरोपी दो मोटरसाइकिलों पर सवार थे। तीन आरोपी आगरी का भेष धारण किए थे, जबकि चौथा आरोपी कृष्णपाल सिंह बुंदेला लगभग दो किलोमीटर पीछे चल रहा था। लूट के बाद आरोपी सतपाल, कुरवाई और बीना के रास्ते ललितपुर पहुंचे।

पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने अलग-अलग रास्तों से निकलने की योजना बनाई। लूटे गए जेवरों के बंटवारे में विवाद न हो, इसके लिए उन्होंने तराजू मंगवाया और चांदी को बराबर तौलकर बांटा। प्रत्येक आरोपी के हिस्से में करीब 1 किलो 800 ग्राम चांदी आई। सोने का भी बराबर बंटवारा किया गया।

माल छिपाने के लिए आरोपियों ने अलग-अलग ठिकाने चुने। किसी ने चांदी को खाली फ्लैट में रेत की बोरी के अंदर छिपाया तो किसी ने घर के भूसे वाले टपरे में रखा।

विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी दुर्गोत्सव थी, क्योंकि ये किसी भी तकनीकी माध्यम का उपयोग नहीं करते थे। पुलिस टीमों की मेहनत से इस सनसनीखेज लूट का खुलासा किया गया और टीम के सदस्यों को सम्मानित भी किया गया।

---

300 बीघा वन भूमि से हटाया अतिक्रमण फसल, बागड़ और अस्थायी टपरे भी हटाए

डीआर संवाददाता ■ शमशाबाद

शमशाबाद वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने करीब 300 बीघा वन भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

वन मंडल अधिकारी विदिशा हेमा यादव ने मौजा की कार्रवाई कर्ज के लाडपुर तथा संग्रामपुर किशनपुर बीट के ग्राम क्रमांक आरएफ-277, आरएफ 278, आरएफ-279 और आरएफ-227 में की गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण वाले सेतों को चिन्हित किया। इसके बाद जेसीबी और वन अमले की मदद से अवैध कब्जे हटाकर भूमि को विभाग के कब्जे में लिया गया।

वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा बोई गई फसल जमीन के चारों ओर लगाई गई कांटेदार बागड़ सहित अस्थायी टपरों को भी हटाया गया। कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अग्रवाल के नेतृत्व में की गई। इसमें शमशाबाद वन स्टाफ के साथ दक्षिण लटेरी वन परिक्षेत्र का अमला भी शामिल रहा। टीम की मौजूदगी में वन भूमि पर किए गए कब्जों को हटाया गया। मुक्त कराई गई भूमि पर दोबारा कब्जा न करने

वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई करीब 300 बीघा भूमि पर अब पौधरोपण की तैयारी की जा रही है।

पीएम राहत योजना: 123 मरीजों का कैशलेस इलाज

विदिशा। सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए पीएम राहत कैशलेस उपचार योजना शुरू की गई है। योजना के तहत विदिशा जिले के 123 मरीजों को कैशलेस इलाज मिला। अलग-अलग अस्पतालों को 4,94,540 रुपए की राशि स्वीकृत कर जारी की गई। गंजबासौदा निवासी अमर सिंह राजौर के इलाज के लिए काल्पना, हॉस्पिटल गंजबासौदा को 24,000 रुपए जारी किए गए।

प्रांत प्रचारक बोले- युवाओं की सोच

डीआर संवाददाता ■ गंजबासौदा

आचार्य ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (सं के युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विमल कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास में जब भी बड़े बदलाव हुए हैं, उनमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि युवा केवल उम्र से नहीं, बल्कि अपनी सोच और विचारों से पहचाना जाता है।

विमल कुमार ने युवाओं से वेश और सम्मान के प्रति समरसतापूर्ण रुख रखने का आह्वान किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक जानकारी और फर्जी नैरेटिव से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को किसी भी सूचना पर आंख मूंदकर विश्वास नहीं करना चाहिए और तथ्यों की जांच करनी चाहिए।

संघ के शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल उत्सव का समय नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और समाज के लिए किए गए कार्यों की समीक्षा का अवसर है। कार्यक्रम में जिला संघ चालक महेश यादव सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

कम पेट्रोल देने की शिकायत पर पेट्रोल पंप पर छापा, नापतोल विभाग ने दो नोजल किए सील

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

गंजबासौदा में नापतोल विभाग ने रविवार को बस स्टैंड स्थित बालाजी पेट्रोल पंप पर कार्रवाई की। जब पेट्रोल देने की शिकायत मिलने के बाद विभाग की टीम ने पंप की मशीनों और नोजल की जांच की। जांच के दौरान दो नोजल में गड़बड़ी पाए जाने पर उन्हें तत्काल सील कर दिया गया।

नापतोल विभाग की विधि वाय वैज्ञानिक अधिकारी निधि श्रीवास्तव मौके पर पहुंचीं। बताया गया कि कुछ दिन पहले तीन बेटी निवासी बबलू शर्मा ने पेट्रोल पंप के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि 50 रुपये का पेट्रोल डलवाने के दौरान नोजल टंकी में लगाने के बाद भी पेट्रोल नहीं आया।

शिकायत के आधार पर रविवार को विभाग ने पेट्रोल पंप की तीनों मशीनों की जांच की। जांच में दो नोजल में एलएटा मूवल डिस्पार्ज मापा गया, जिसके बाद दोनों नोजल को सील कर दिया गया।

अधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि सभी मशीनों की सीडिंग की गई है और विभागीय प्रक्रिया पूरी की जा रही है। नमूना पेश होने और आगे की कार्रवाई के बाद ही सील किए गए नोजल खोले जाएंगे।

एक ही फंदे पर मिले दो दोस्तों के शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

आदमपुर गांव में रविवार सुबह एक पेड़ पर दो युवकों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान आकाश सोना (22) और बाबू उर्फ शहजाद अली (21) के रूप में हुई है। दोनों मोरा और पड़ोसी में तथा खाना में खेती पर काम करने जाते थे।

सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। थाना प्रभारी राजपाल सिंह जाटौन ने

बताया कि गांव से करीब 200 मीटर दूर खेत में दोनों युवक एक ही फंदे से लटके मिले। मामले की जांच की जा रही है।

घटना के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। कुछ ग्रामीणों ने शवों उन्हें लोट के निशान होने की बात कही, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है।

ग्रामीणों के अनुसार दोनों युवक आपसे दोस्त थे और उनका किसी से विवाद नहीं था। आकाश की कुछ महीने पहले शादी हुई थी, जबकि बाबू तीन भाइयों में सबसे छोटा था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

घर में लड्डू बनाते रहे परिवार के अन्य लोग कमरे में 14 वर्षीय किशोरी ने लगाई फांसी

परिजन अस्पताल लेकर आए इलाज के दौरान मौत, पुलिस जांच में जुटी

डीआर संवाददाता ■ शमशाबाद

रविवार शाम 14 वर्षीय किशोरी ने अपने घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में फांसी लगा ली। परिवार के लोग उस समय घर में लड्डू बनाने के काम में व्यस्त थे। किशोरी की गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के दौरान एक्सरे रोम में मृत घोषित कर दिया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद शाहजहां जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना से गांव में हड़कंप मच गया। परिवार का एक सदस्य उसे बुलाने के लिए पहली मंजिल पर पहुंचा। कमरे में किशोरी उसे के खूंटे से साड़ी के फंदे पर लटकी मिली। छात्रावास के लोगों की मदद से उसे नीचे उतारा गया। इसके बाद शाहजहां जिला अस्पताल ले जाया गया।

लड्डू बनाने में व्यस्त थे

घटना के समय घर में लड्डू बनाए जा रहे थे। इसी काम में परिवार के सभी सदस्य व्यस्त थे। जिस समय किशोरी ने फांसी लगाई, उस समय घर में लड्डू बनाने के काम में व्यस्त थे। किशोरी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के दौरान एक्सरे रोम में मृत घोषित कर दिया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

परिजनों का कहना है कि घर में किसी तरह का विवाद या तनाव नहीं था।

संजय जैन के निधन पर शोक व्यक्त किया

कुरवाई। कुरवाई के कटारिया परिवार में स्व. संजय जैन कटारिया की आकस्मिक मृत्यु के बाद शोक जताने वालों का तांता लगा है। गत दिवस पूर्व विधायक शशांक मालव, पूर्व बैंक अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, वी. शैलेन्द्र बलारिया सहित कई गणमान्य नागरिक वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेन्द्र कुमार जैन के निवास पहुंचे। उन्होंने उनके भाईयों के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया। दिवंगत जैन को चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इसके बाद सभी गणमान्य जन वरिष्ठ व्यापारी नेता व धनाढ्य रिश्तेदारों के निवास भी पहुंचे। उनसे मुलाकात की।

प्रतिभा सम्मान रघुवंशी समाज ने 150 से अधिक प्रतिभाओं को किया सम्मानित

मेधावी छात्रों के साथ सेवाभावी लोगों का भी हुआ सम्मान

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

गंजबासौदा में रघुवंशी समाज की ओर से जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बरेठा रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा, समाज सेवा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 150 से अधिक प्रतिभाओं और सेवाभावी व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चला। इस दौरान समाज की परिचय पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

समारोह में विदिशा जिले की विभिन्न तहसीलों से आए

उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से 97 प्रतिशत तक अंक हासिल किए। इसके अलावा नीट, आईआईटी, लॉ और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले युवाओं को भी मंच पर सम्मान मिला।

कार्यक्रम में समाज और नगर हित में काम करने वाली संस्थाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। अन्नपूर्णा सेवा समिति, निस्वार्थ गौ सेवा, नागरिक सेवा समिति सहित कई संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र और शाल भेंट किए गए।

समारोह में बेस्ट मोटरों की मदद करने वाले अजय सिंह रघुवंशी, बिना दहेज बेटे की शादी करने वाले भोलेंद्र सिंह रघुवंशी रघुवंशी पुष्पाश्रम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी सहित कई जनप्रतिनिधि और समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के साथ समाज सेवा की भावना को भी मजबूत करते हैं।

कुरवाई अस्पताल में लापरवाही का आरोप, प्रसूता-बच्चे की जान पर बना संकट

डीआर संवाददाता ■ गंजबासौदा

कुरवाई। शासकीय अस्पताल कुरवाई में प्रसूता के उपचार और एंडूलेंस सुविधा में लापरवाही के आरोप सामने आए हैं। कार्ड हनाक 8 निवासी दीपक रैकवार ने बताया कि शनिवार शाम वह अपनी पत्नी पूनम को प्रसव के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां जांच के बाद सामान्य प्रसव होने की बात कही गई। आरोप है कि रात करीब 8 बजे अचानक प्रसूता को विदिशा रेफर करने की बात कही गई, लेकिन समय पर एंडूलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। रात करीब 11 बजे एंडूलेंस मिलने तक प्रसव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार रास्ते में नेहलुका चौराहे के पास

सामान्य प्रसव हुआ, जिसके बाद जच्चा-बच्चा को पुनः कुरवाई अस्पताल लाया गया। अधिक रक्तस्राव होने पर पूनम को दोबारा विदिशा रेफर किया गया। आरोप है कि दूसरी बार भी एंडूलेंस समय पर नहीं मिली। बाद में मीडिया के हस्तक्षेप के बाद एंडूलेंस उपलब्ध हुई और सुबह करीब 4 बजे प्रसूता को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के बाद मां और बच्चे की जान बच सकी। मामले की जानकारी वीएमओ को भी दिए जाने की बात कही गई है।

न्यूज गैलरी

इकलेरा गोलीकांड. भूमि विवाद की भी जांच की मांग

राजगढ़। इकलेरा में 16 अगस्त को हुई फायरिंग की घटना को लेकर रात प्रशासनिक अधिकारियों ने जुटाये भूमि विवाद की भी जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कलेक्टर से मांग प्रायण पेजर सेना कि घटना की निष्पक्ष जांच में विवादित प्लॉट से जुड़े दस्तावेज, लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवाद और पूर्व में की शिकायतों को भी शामिल किया जाए।

इंडिया स्किल स्पर्धा में कौशल दिखाने का मौका

राजगढ़। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के लिए युवाओं का निशुल्क पंजीयन शुरू हो गया है। तकनीकी व पोजेशनल ट्रेडों में रुचि रखने वाले युवा पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में

डाक कावड़ लेकर जा रहे 15 वर्षीय

पचौर। बादलखेड़ी जोड़ के पास परिवार को डाक कावड़ लेकर जा रहे 15 वर्षीय किशोर लव सिंह हरनाम सिंह निवासी ग्रीला की सड़क हादसे में मौत हो गई। लव अपने परिजनों और रिश्तेदारों के साथ उज्जैन से अशोकनगर के लिए डाक कावड़ लेकर जा रहा था। इस यात्रा प्रथी में पढ़ता था और बड़े भाई तथा माता के साथ यात्रा में शामिल था। हाईवे पर पैदल कावड़ लेकर जाते समय पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर करनवास पुलिस मौकाए पहुंची और घायल पचौर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक डॉ. पीयूष चावरा ने पोस्टमार्टम किया। इसके बाद सब परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे के बाद कावड़ यात्रा में शामिल लोग दुखी और सहमे नजर आए। नगर परिषद अध्यक्ष विमलेश कठेड़िया ने परिजनों के घटना की जानकारी लेकर शव अशोकनगर ले जाने के लिए शव वाहन की व्यवस्था कराई।

सुसनेर के दो युवकों का ठठे में प्रवेश

सुसनेर। सुसनेर के दो युवकों ने धर्म में सकलता शांतिमय सब संकल्प बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। नगर के देवचंद पांडे सिंह योगेश पांडे और सिलिन जैन पिता संजय जैन का धर्म में प्रवेश हुआ है। दोनों ने शपथ पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है। उनकी इस उपलब्धि पर कावड़ महिला मोर्चा की ओर से न्यू ब्रज कॉलेज के समीप स्थित मंडल अध्यक्ष आशा विष्णु भावसार के कार्यालय पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि माननीय महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सभी विकास संकल्पों ने दोनों युवाओं का सम्मान किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आशा भावसार ने की। इस अवसर पर सिंधा भावसार, रेखा भावसार, आरती भावसार, निवेदिता भावसार सहित गुरु उपस्थित रहे। आभार विष्णु भावसार ने माना।

माता-पिता की सेवा महत्वपूर्णर्ण मुनि प्रवर सागर

राजगढ़। जैन धर्म में व्रत और उपवास का उद्देश्य केवल भोजन का त्याग या शरीर को कष्ट देना नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मसंयम और आत्मकल्याण है। प्रत्येक व्रत साधक स्वयं के कर्मों की निर्जरा और आत्मउद्धार के लिए करता है। यह बात मुनि प्रवर सागर ने धर्मसभा में

प्रदर्शन ब्यावरा में बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा, सड़क पर उतरें

बिजली सप्लाई बहाल होने के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन, तीन दिन में 50 प्रतिशत बकाया

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

ब्यावरा में बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा रविवार को सड़क पर उतर आया। बरखेड़ी, बायरहेड़ी और गलबर्दी गांवों की बिजली सप्लाई बार-बार काटे जाने के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण मंगलवाड़ हाईवे पर एकत्र हुए और चक्काजाम कर दिया। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे शुरू हुए प्रदर्शन के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीण सड़क पर बैठकर बिजली कंपनी के खिलाफ नारेबाजी लगाने लगे।

हंगामे की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम, तहसीलदार, बिजली कंपनी के अधिकारी और पुलिस बल ने ग्रामीणों से बातचीत शुरू की। करीब एक घंटे तक चले समझाइश के बाद बिजली कंपनी ने सप्लाई दोबारा शुरू की, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया और हाईवे पर यातायात सामान्य हो सका।

पूरे गांव की बिजली काटने पर नाराज हुए ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना था कि वे नियमित रूप से बिजली बिल जमा करते हैं, इसके बावजूद तीनों गांवों की पूरी बिजली काट दी गई। इससे खेती-किसानी के साथ प्रभावित हो रहे हैं और रोजमर्रा की जरूरतों में भी परेशानी आ रही है। ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से कहा कि जिन उपभोक्ताओं का बिल बकाया है, केवल उन्हीं की बिजली काटी जानी चाहिए, पूरे गांव की सप्लाई बंद करना उचित नहीं है।

वहीं बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि बरखेड़ी, बायरहेड़ी और गलबर्दी गांवों से करीब 90 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा नहीं किया है। अधिकारियों के अनुसार तीनों गांवों पर करीब 25 से 30 लाख रुपए की राशि बकाया है। इसी वजह से बिजली सप्लाई बंद करने की कार्रवाई की गई थी।

इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों और बिजली कंपनी अधिकारियों के बीच बहस की स्थिति भी बनी। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ लोगों की गलती की सजा सभी ग्रामीणों को नहीं दी जानी चाहिए।

प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद बनी सहमति

मामले को देख प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच बातचीत के बाद निर्णय लिया गया कि ग्रामीण अगले तीन दिनों में बकाया बिजली बिल की 50 प्रतिशत राशि जमा करेंगे। इस आश्वासन के बाद बिजली कंपनी ने सप्लाई बहाल कर दी।

बिजली आने से बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और हाईवे पर लगा जाम खत्म कर दिया। पुलिस की मौजूदगी में पूरा प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हुआ।

बिजली कटौती से शहर और गांव दोनों परेशान

क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। अघोषित बिजली कटौती से शहरीय क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी परेशान हैं। लोगों के अनुसार दिन में कई बार 10 से 15 मिनट के लिए बिजली गुल हो रही है। बिजली संबंधी शिकायतों सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से भी लगातार दर्ज कराई जा रही हैं। इसको लेकर कलेक्टर भी नाराजगी जता चुके हैं।

एंबुलेंस को दिया रास्ता

पचलाना के दौरान ग्रामीणों ने जरूरी सेवाओं का ध्यान रखा। जब एंबुलेंस और अन्य आवश्यक वाहन वहां से गुजरने पहुंचे तो लोगों ने तुरंत रास्ता दे दिया। इसके कारण प्रदर्शन के दौरान किसी भी आपात सेवा में बाधा नहीं आई। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।

ड्राइवर को झपकी आई, पोल से टकराई कारय 7 घायल, तीन रेफर

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

ब्यावरा उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर प्रदेश लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए रविवार की सुबह दुखदायी में बदल गई। नेशनल हाईवे-52 पर परसूलिया के पास सुबह करीब 5.45 बजे वाहन को अचानक नींद की झपकी आ गई। इससे बेकाबू कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से जा भिड़ी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार सभी सात लोग घायल हो गए। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई गई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया।

दर्शन को बाद झांसी लौट रहे थे, सभी में हादसाक कार में सवार सभी लोग झांसी, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। वे उज्जैन में महाकाल के दर्शन करने के बाद रविवार सुबह कार से वो झांसी लौट रहे थे। परसूलिया के पास पहुंचते ही वाहन नींद की झपकी आ गई। बुरी ही सेकंड में कार सड़क से उतर गई और पोल से टकरा गई। 7 घायलों में तीन गंभीर, भोपाल रेफर

कार वाहन 25 वर्षीय आदेश राजपूत ने बताया कि कार पोल से कैसे टकराई, उसे समझ ही नहीं आया। उसके साथ में बैठा आई। उसका वो वर्षीय बेटा कार्यालय से कान के पास घायल हुआ। आदेश की पत्नी अन्य पुलिस को भी चोट आई है। वहीं, शैलेंद्र राजपूत के बाएं पैर और उनकी पत्नी सरोज के गले के पास चोट लगी है। अंकित राजपूत के सिर, कान के ऊपर और दाहिने पैर में चोट आई, जबकि कमल राजपूत के सिर में चोट लगी है। मौजूदा में उपचार के बाद शैलेंद्र, कमल और अंकित को भोपाल रेफर किया गया है। नीलेंद्र की झपकी बनी हादसे की वजह क्या पुलिस ने घायलों के परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी ले दी है। परिजन झांसी से ब्यावरा के लिए रवाना हो गए हैं। करनवास थाना प्रभारी संगीता शर्मा ने बताया कि शुरुआती जानकारी में चालक को नींद की झपकी आना हादसे की वजह सामने आई है।

रौंदापुत्रदा एकादशी पर खाटू श्याम के दर्शन को उमड़े भक्त

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

ब्यावरा के श्री खाटू श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर समिति के अनुसार, रविवार को मिनमर में करीब 1 लाख से ज्यादा भक्तों ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए। सुबह से ही मंदिर परिसर में 'जय श्री श्याम' और 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के जयकारे गूंजते रहे।

श्रावण शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी पर भक्तों ने संतान सुख और परिवार की खुशहाली की कामना के साथ व्रत रखा और बाबा के दर्शन किए। इस खास अवसर पर उन्नीस से संवार गए 51 किलो ताजे फूलों से बाबा खाटू श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। रंग-बिरंगी रोशनी से सजा मंदिर परिसर आकर्षण का केंद्र रहा।

एकादशी पर व्यवस्था और आवाजाही के पहले से कई निशान बनाए निकाली गई। महिलाएं, युवा और बच्चे ढोल-नगाड़ों के साथ भजनों-गाते मंदिर पहुंचे और बाबा के चरणों में निशान अर्पित किए।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति, पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली। दर्शन के लिए कतारें लगाई गईं और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया।

खिलचीपुर में जलभराव से परेशान लोग, सड़क पर गंदा पानी और कीचड़ जमा होने पर नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में बारिश के बाद जलभराव और सीवरेज की समस्या से परेशान वार्ड नंबर-4 के लोगों ने रविवार को नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया। सड़क पर गंदा पानी जमा होने से लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी कर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।

स्थानीय लोगों का कहना है

कि वार्ड में पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से गली और नालियों का गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है। बारिश के दौरान यही पानी कीचड़ में बदल जाता है, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

निवासियों ने बताया कि वे कई बार वार्ड पार्षद और नगर पालिका अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। लोगों ने मांग की कि केवल सफाई नाली और सड़कों को बल्कि निर्माण कराया जाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं, खिलचीपुर सीएमओ देवनारायण दांगी ने कहा कि शिकायत मिली है। जल्द ही कीचड़ वाली जगहों पर मुरम डलवाई जाएगी और अधिकारियों को भेजकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

रात 9.30 बजे शहर में निकले एसपी, अगले ही दिन उत्कृष्ट मैदान में लाइट का काम शुरू

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

शहर की रात की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने एसपी अमित-सुरेश तोमरी रविवार रात 9.30 बजे पुलिस टीम के साथ शहर के प्रमुख स्थानों पर पहुंचे। उन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र मैदान, खिलचीपुर नाका, बस स्टैंड चौराहा और पुराने बस स्टैंड का निरीक्षण किया।

उत्कृष्ट मैदान में अंधेरा होने की स्थिति सामने आने पर एसपी ने महिलाओं एवं पुरुषों को मैदान में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अगले ही दिन रविवार को मैदान में हैलोजन लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया गया। मैदान से सटे हॉस्टल परिसर में अन्य कैमरे लगाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के निर्देश

एसपी ने कोतवाली पुलिस को शहर में गश्त बढ़ाने को भी कहा। उन्होंने थाना प्रभारी मनु, सब्जीमंडी और पुलिस चौकी को असामाजिक तत्वों और गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त के साथ

चेकिंग-सीन स्थानों पर पुलिस की निगरानी प्रभावी रखनी चाहिए। उत्कृष्ट मैदान में इनडोर स्टेडियम भी है, इसलिए वहां आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निकासी मार्ग पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एक इंस्पेक्टर सुभाष द्विवेदी सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

प्रांत प्रचारक बोले- युवाओं की सोच बदलती है समाज की दिशा, सही मार्गदर्शन जरूरी

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

ब्यावरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास में जब भी बड़े बदलाव हुए हैं, उनमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि युवा केवल उम्र से नहीं, बल्कि अपनी सोच और विचारों से महत्वपूर्ण बनता है। विमल गुप्ता ने युवाओं से देश और समाज के प्रति सकारात्मक सोच रखने का

आह्वान किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक जानकारी और फर्जी नैरेटिव से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को किसी भी सूचना पर अंधा भरोसा नहीं करना चाहिए और तथ्यों की जांच करनी चाहिए। संघ के शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल उत्सव का समय नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और समाज के लिए किए गए कार्यों की समीक्षा का अवसर है। कार्यक्रम में जिला संघ चालक महेश यादव सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

चैटबॉट से किसान कर सकेंगे खाद की बुकिंग

राजगढ़। किसानों की सुविधा के लिए किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने उर्वरक बुकिंग के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता चैटबॉट सुविधा शुरू की है। इस सुविधा के माध्यम से किसान सरल, सुविधाजनक तरीके से अपने मोबाइल से घर बैठकर उर्वरक के लिए बुकिंग कर सकेंगे।

सैनिकों का सम्मान बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा

पुत्रदा एकादशी पर खाटू धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब दूर-दूर से निशान लेकर पहुंचे हजारों श्रद्धालु

डीआर संवाददाता ■ खुजनेर

पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर मालवा के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम धाम मंदिरों में रविवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बाबा श्याम के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दूर-दराज के क्षेत्रों से भक्त पैदल निशान बाजार लेकर मंदिर पहुंचे और लंबी कतारों में लगकर बाबा श्याम के दर्शन किए।

खुजनेर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में सुल्तानी, भंडावद, चतुर्भुजा, बकोद सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए निशान लेकर पहुंचे। रास्तेभर बाबा श्याम के जयकारों और भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा। मंदिर समिति के अनुसार यहां 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मंदिर समिति की ओर से करीब 520 किलो कलियुगी मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। शाम तक नगर में जगह-जगह श्याम भजनों और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार और महाआरती भी की गई।

वहीं अजवा स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में भी भारी भीड़ देखी गई। मंदिर समिति के अनुसार दिनभर में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। मंदिर परिसर में मनाया आरती के बाद दर्शन का क्रम तुरंत हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। बाबा का विशेष श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए करीब 51 किलो ताजे फूलों से किया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी और विद्युत सज्जा से मंदिर की भव्यता बढ़ गई।

पुत्रदा एकादशी को भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। श्रद्धालु संतान सुख, परिवार की खुशहाली और संतानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना से यह व्रत रखते हैं। भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति, पुलिस, प्रशासन और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए।

सेना में 17 साल सेवा के बाद लौटे फौजी का स्वागत, तिरंगा लेकर निकली स्वागत यात्रा

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

ब्यावरा के पुरखा गांव के सैनिक सुरेश दांगी के सेवानिवृत्त सेना में 17 वर्ष की सेवा पूरी कर गुरु पान लौटने पर ग्रामीणों और बंजारियों ने भव्य स्वागत किया। बटाला के बैष्णो देवी मंदिर से स्वागत यात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुरखा गांव पहुंची।

यात्रा में बड़ी संख्या में युवा और ग्रामीण हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। देशभक्ति के नारों और गीतों के बीच लोगों ने पुष्पवर्षा कर सैनिक सुरेश दांगी का सम्मान किया। ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी सेवा को गर्व का विषय बताया। कार्यक्रम के जरिए युवाओं को देश सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया।